किले व संग्रहालय : गोवा के इतिहास व सांस्कृतिक विरासत की झलक पाने के लिए द आर्कियोलॉजिकल म्यूजियम एंड पोर्ट्रेट गैलरी, द आर्काइव्ज म्यूजियम ऑफ गोवा देखने जा सकते है। पूरी तरह ईसाई कला को समर्पित म्यूजियम ऑफ क्रिश्चियन आर्ट एवं नौसेना को समर्पित एविएशन म्यूजियम का अपना अलग महत्व है। समुद्री तटों के बाद गोवा में लोगों को सबसे ज्यादा आकर्षित करते हैं किले। पणजी से 18 किमी दूर अगुआदा फोर्ट गोवा का सबसे मजबूत किला माना जाता है। यहां वास्तुकला के बेहतरीन नमूने देखें जा सकते हैं। गोवा में कई ऐसे किले हैं जिन्हें बाद के शासक संजो कर नहीं रख सकें। इन्हीं में से एक है कैबो ऑफ रामा फोर्ट। यह किला अब लगभग वीरान रहता है। यहां पुर्तगालियों के किलो से अलग पुरातन भारतीय स्थापत्य कला का नजारा देखने को मिलता है। इनके अलावा चपोरा फोर्ट, मर्मोगांव फोर्ट, टेराकोल फोर्ट, गेट ऑफ द पैलेस ऑफ आदिल शाह, वायसराय आर्च प्रमुख है।

फिल्म जगत और कला : फिल्म और कला जगत गोवा का एक छोटा उद्योग है। यहाँ मुख्य रूप से कॉकणी फिल्में और धारावाहिक बनती हैं। सन् 1949 में पहली कोंकणी फिल्म "सुखी कोण" प्रदर्शित हुई। गोवा में प्रदर्शित होने वाली कलाएँ अद्वितीय और अनन्य हैं। गोवन खासकर यहाँ की महिलाएं हस्तकला में माहिर होती हैं। यहाँ के बाज़ारों में हस्तशिल्प के नमूने आसानी से देखने को मिल जाते हैं। पर्यटक इन हस्तशिल्प के सामान को बड़ी रुचि से खरीदते हैं। इन सामानों को बनाने में लगने वाली सामग्रियाँ जैसे मिट्टी, समुद्री सीपी (सी–शेल), बाँस, पीतल आदि यहाँ आसानी से मिल जाते हैं। बाँस की बनी हुई टोपी जो कि यहाँ के मछुवारे पहनते हैं, गोवा में आए पर्यटक अक्सर ऐसी टोपी पहने हुए दिख जाते हैं।

अर्थ जगत और आधुनिकता : देश की प्रगति में गोवा का प्रमुख स्थान हैं। प्रति व्यक्ति आय के मामले में गोवा भारत का सबसे धनी राज्य है। यहाँ की प्रति व्यक्ति आय देश के औसत प्रति व्यक्ति आय से ढाई गुना अधिक है। पर्यटन गोवा की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यहाँ हर साल देश–विदेश से लाखों सैलानी आते हैं जिससे राज्य को करोड़ों का आर्थिक लाभ होता है। गोवा देश का पहला राज्य है जहाँ ग्रामीण क्षेत्र में 100% विद्युतीकरण किया जा चुका है। यहाँ के अधिकांश परिवार के पास दुपहिया या चारपहिया वाहन अवश्य होता है। वास्को में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है तथा दूसरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा मोपा में निर्माणाधीन है। वास्को तथा मडगाँव रेलवे स्टेशन देश के लगभग सभी हिस्सों से जुड़े हुए हैं।

गोवा पूर्वी और पश्चिमी सभ्यता के बीच एक सामंजस्य स्थापित करता है। जिंदादिल लोगों के इस प्रदेश में विभिन्न धर्मों के लोग जैसे हिंदू, ईसाई, कैथोलिक, मुस्लिम आदि एक साथ मिल–जुल कर रहते हैं। गोवा भारत का सबसे छोटा राज्य अवश्य है परंतु इसकी महत्ता किसी से कम नहीं। देश की सांस्कृतिक एकता तथा विकास में गोवा का महत्वपूर्ण योगदान है। महीनों लगातार काम करने के बाद जब लोग थक जाते हैं तब छुट्टियाँ मनाना पसंद करते हैं जिससे कि उनमें वापस ऊर्जा का संचार हो सके तब वे गोवा आते है। अन्य राज्यों की तुलना में गोवा में भले ही बड़ी–बड़ी कंपनियों और कॉर्पोरेट कार्यालयों की कमी हो, पर उन कंपनियों के अधिकारियों में ऊर्जा भरने का कार्य गोवा ही करता है।

*****

My First Encounter with Goa

Swapnil Deep
Manager
Retail Assets Wing
HO Bengaluru

"Goa?". "Why Not!". After a tiring 4 days official event in Srinagar, when Saheb and I returned to Bangalore taking 9 hours long flight, we were finding a place to hide our souls for next few hours or say days. That's when Saheb suggested the perfect chilling spot which was just 9 hours away from us. After returning to our flat at 9 o'clock in the night, we decided to proceed for our hunt for peace. To start with the planning for the trip, we searched some decent properties where we could throw our bodies and souls. And we found a perfect budget friendly two room villa with private pool on one side and beach on the other. After two failed attempts to book the room by paying through UPI, we used Visa card to finally make the payment and book our wonderful stay. It was hardly two hours since we stepped in our flat and again, we were ready to roll the wheels to what people call heaven. We were ready to depart at midnight when I opened my navigation app and marked the hotel as destination, only to find that it was 2 days 1 hour away. Yes, we booked a resort in Kraabi Islands, Thailand, some 2700 km from Bangalore. Nothing but our tired eyes and drowning senses were to be blamed for this blunder. The cancellation would also not be eligible for any reimbursement as the cancellation period was upto 48 hours. Anyway, we considered it to be a good omen to start the journey and departed sharp at 0100 hours. The journey which I manifested for 23 long years. I had planned this multiple times during college days as everyone, but I, could not make it. So, what I thought of the place from movies like Pukar (1983) and Dil Chahta Hai (2001), during my teen years, I had chance to finally be there for real. And no DCH can be complete without the third wheel, which was Pakya in our case. Pakya has a very sweet and gentle habit of hopping on in any plan or plot.

Within no time, he was ready with his back-pack when we asked him to join in at midnight. So Aakash, Saheb and Pakya from Bangalore started their voyage to GOA- the land of 3'S' (Sand, Sea and Serenity). With sounds on and full throttle, our SUV was no less than a convertible Merc of the Farhan Akhtar's DCH.

It is well understood by all the human beings, that whenever you are imagining your excitement to rise thereafter, you already had hit that point of highest ecstasy. So, within an hour of super exciting start, two soldiers had started snoring their way out. With Saheb

and Pakya dozing off, it was time for me to keep my safe awake while driving so I could keep all three of us alive. That is when I switched from Raftaar to Rafi. Next 4 hours were nothing but an inexplicable bliss. Rafi Saab's melodious voice, 6 lane clear road and no other thought in mind. When my quota of driving was over, I pulled over the car at a highway for the morning chores and woke up Pakya to take over driving thereon. After half an hour of me describing of how peaceful the drive was, we started again. This time Pakya at steering wheel, Saheb still sleeping on back seat and myself on the co-driver seat. There is a universal rule that you shouldn't sleep when at co driver seat as the sleep would also be induced to the driver. However, it was not applicable for the whole night when I drove and Pakya slept on the co-driver seat.

Anyway, I tried hard being awake so that Pakya could keep us alive. We were close to cross Karnataka border when I saw the last milestone before I dozed off and to my pleasure, I had already reached Goa watching beautiful sunset from a cliff holding breath when a flock of flamingos just flew past me. The sound of waves hitting the rocks on the shore and humid yet cold breeze sent a sensation down my sweaty neck. I was just thinking of getting up and clicking a pic as a memoir with the surreal background.

As soon I got up to pose, my foot slipped and I woke up with a mini heart attack only to find that it was a dream. But what I saw after gathering my senses had sent current through my spine. I saw thick layer of fog in front of me. Nothing was visible even from the rear-view mirror not even the bonnet of car. My half-conscious mind said that I had died falling from the cliff when my foot slipped and it was not a dream. I had died and reached heaven where the foggy path would take me to the fairies. I could not believe that I had slept alive and woke up dead. I was thinking of my parents, my little daughter and of course my wife and I was very disappointed that I could not do enough for them before I died. But, then, the fog cleared and I saw the road and realised that I was alive and presently in the car only. While looking at Pakya and thinking of sharing the story with him, the odometer captured my attention as it was showing the speed at 110 KMPH. I am still thinking to this day how could he drive at 110 in that thick fog when even the bonnet of car was not visible. I understood the whole situation. That was a sign sent by my good deeds in past life to wake me up, stay alert and vigilant and also propose to change the driver. I immediately asked Pakya to stop for unloading and woke up Saheb and literally pleaded him to take the wheels and give rest to Pakya. He somehow got convinced to drive and I took the back seat to sleep peacefully now. It was around afternoon when I heard the back door of the car closing hard to disturb my sleep.

I opened my eyes to see that we have reached the last checkpoint before entering Panaji. I was ecstatic that finally I have reached Goa. The place that I had seen in many movies, social media posts of friends and travel channels etc. The place which is known for its nightlife. And a place which has a phrase going with it since ages

"What happens in Goa, stays in Goa". Goa was beautiful, but hot. Goa was loud but serene. Goa was modern, but it had the essence of its culture, historical societies, humane locals.

We reached our stay at around 3 in the noon and decided to start our stay with a sound sleep till dusk. The next 4 days in Goa saw us sleeping throughout the day at our stay, and wandering throughout the evening. We checked out a few forts in North and South Goa, sat at our sea facing balcony and rode along the lanes of unexploited Goa. And as each day passed, the fear that the trip is about to end was haunting us all. This was the time I realised that I should have come to Goa earlier, when I was young, as now I am not enjoying my time in Goa, but I'm worried about my future back at work. With all the clicks from camera, I was sure that I would never get time ever to see these photos. Every night, I understood that I'm not going to wake up this late in coming few years.

With all these thoughts, I observed one thing that filled my heart with hope. That was our last evening in Goa when we were at a cafe on the beach sitting and watching the waves coming up to touch the outer wall of the cafe premises. But the waves were far very far from human establishments. The waves would try hard to leave the sea and come to land. But would go

back from where it originated. This thoughtful and calm Goa taught a very important lesson to me that you may fight hard to go out of your skin and your origin but nature finds its way to get you back to where you belong and this is what you're actually meant for. This is Destiny. This is Life.

On my way back I saw from the window young boys coming to Goa with lots of energy and delight. I was happy to see them enjoy. But now I didn't regret for not coming earlier. Because it was destined. It was destined to reach Goa by road not by rail or air. It was destined to see Goa as a grown-up man and know your sanctity limits. It was destined to drive all night alone with Rafi Sahab's songs. It was destined for me to see the calm and peaceful side of Goa and not the crowded party prone lanes. It was destined to feel alive more than once in 4 days. This was my story of my encounter with Goa.

A sustainable agriculture is one which depletes neither the people nor the land.

– Wendell Berry

केंद्रीय बजट– 2024 में आयकर में किए गए प्रमुख बदलावों का विश्लेषण

रवि कुमार सिन्हा
वरिष्ठ प्रबन्धक
अंचल कार्यालय हैदराबाद

केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत बजट 2024 में कराधान के नियमों में बहुत से बदलाव किए गए है। जैसे केपिटल गेन में बदलाव, नए कर रीजिम में बदलाव, एंजेल कर का खात्मा, टी डी एस, टी सी एस में सुधार सहित अन्य कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए है। वित्त मंत्रालय में कार्यरत वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि इन बदलावों से भारत में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर प्रक्रिया में सुधार होगा तथा एकरूपता आएगी। हलांकि किसी भी सरकार का मुख्य अजेंडा अपने मतदाताओं को लुभाना ही होता है फिर भी सुधार के नाम पर किए गए इन प्रावधानों को हम इस आलेख में बारिकी से देखेंगे। वित्त मंत्री द्वारा किए गए विभिन्न कर सुधारों में एक सुधार जो कि विद्वानो के बीच चर्चा का विषय तथा समाचार पत्रों का मुख्य शीर्ष बना रहा वह है– कैपिटल गेन में बदलाव, यह सर्वाधिक विवादित भी रहा। आइए, सबसे पहले इसे ही समझते है :

सूचीकरण लाभ (indexation benefit) का विलक्षण मामला

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में यह घोषणा की कि सभी प्रकार के दीर्घावधि पूंजीगत लाभ (LTCG) चाहे वह वित्तीय हो या गैर वित्तीय, अब कर की दर 20% की जगह 12.5% होगी। उनका मत था कि सभी प्रकार के पूंजीगत लाभों में कर की गणना करने में एकरूपता आए लेकिन बड़े ही चालाकी में बजट भाषण में यह नहीं बताया गया कि अब इस प्रक्रिया में करदाता को गैर वित्तीय पूंजीगत लाभ की गणना में सूचीकरण का लाभ नहीं मिलेगा। सीधे इसे वित्त विधेयक में जोड़ दिया गया ताकि कर विश्लेषकों तथा निवेशकों को समझने में समय लग जाए तब तक मामला आगे बढ़ जाए। गैर वित्तीय पूंजीगत लाभ में रियल इस्टेट, सोना इत्यादि खरीद शामिल है। मंत्रालय के अधिकारियों ने इस पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि सरकार यह नहीं चाहती है कि करदाता को किसी भी स्तर पर भेदभाव का सामना करना पड़े। सोना और रियल इस्टेट से प्राप्त दीर्घावधि आय पर सूचीकरण लाभ लेते हुए 20% कर की दर निश्चित की गई है जबकि इक्विटी में ऐसा नही है। इक्विटी में बिना सूचिकरण का लाभ लिए कर की दर को 12.5% रखा गया है। निवेशकों को इससे होने वाले लाभ/हानि को हम एक उदाहरण से समझते हैं।

मान लीजिए की आपने 2010–11 में कोई एक फ्लैट रु. 1 करोड़ में खरीदा था जिसे आपने 2024 में रु. 3 करोड़ में बेच दिया । इस मामले में अगर हम पुराने पद्धति से देखे तो उक्त फ्लैट का इंडेक्स्ड मूल्य रु. 2,17,36,526.00 हो गया अतः कुल लाभ रु. 82,63,474.00 पर 20% की दर से टैक्स रु. 16,52,695.00 बनता है। अब इसी को अगर नए पद्धति से देखें तो सीधे लाभ 2 करोड़ पर 12.5% की दर से टैक्स 25 लाख रुपए हो गया। इस प्रकार से नए पद्धति में कर अधिक देना पड़ेगा। निश्चय ही अब निवेशक रियल इस्टेट में निवेश करने से पहले इस पहलू पर विचार करेंगे। हालांकि कर विशेषज्ञयों का यह भी कहना है कि अगर संपत्ति का रेट 10% से 12% तक वृद्धि होती है तो निवेशकों को नए पद्धति में लाभ मिल सकता है लेकिन आम जनता को समझने में समय लगेगा।

सूचीकरण के विलोपन के भारी विरोध को देखते हुए वित्त मंत्री ने संसद में एक संसोधन विधेयक प्रस्तुत कर 23 जुलाई 2024 से पहले की खरीद पर कर निर्धारण करते समय नए और पुराने दोनों में सुविधानुसार कोई एक पद्धति का चुनाव करने का विकल्प खोल दिया है। सरकार ने 1 अप्रैल 2001 की एक सीमा तय की है जिसके पहले की खरीद पर सूचीकरण प्रक्रिया जारी रहेगी वहीं 23 जुलाई 2024 के बाद खरीदी गई

संपत्ति में बिक्री पर कर की गणना आवश्यक रूप से नए पद्धति में ही करनी होगी। अर्थात बिक्री मूल्य और खरीद मूल्य के अंतर को लाभ मानते हुए तथा बिना इंडेक्सेशन का लाभ लिए उसपर 12.5% का केपिटल गेन कर का भुगतान करना पड़ेगा।

अल्पावधि पूंजीगत लाभ (STCG) से प्राप्त लाभ पर कर में वृद्धि

इक्विटी शेयर या इक्विटी ओरिएंटेड म्यूचुअल फंड की बिक्री से 12 महीने से कम समय में प्राप्त अल्पकालिक पूंजीगत लाभ (STCG) पर कर की दर को 15% से बढ़ाकर 20% कर दी गई है। इन परिवर्तनों का उद्देश्य उच्च नेटवर्थ वाले व्यक्तियों द्वारा पहले से प्राप्त कर लाभ को सीमित करना है। इससे निवेशको को लाभ में कमी आएगी तथा वे निवेश करने से बचेंगे। यह उच्च कर की दर मध्यम वर्ग के करदाता को भी प्रभावित करेगी।

डेरिवेटिव लेनदेन के मामले में प्रतिभूति लेनदेन कर में वृद्धि

आज के समय में इक्विटी डेरीवाटिव लेनदेन का प्रचलन बढ़ा है। निवेशक फ्युचर और ऑप्शन में खरीद बिक्री कर रहे हैं। सरकार की नजर यहाँ से प्राप्त होने वाले आय पर है। प्रतिभूति के ऑप्शन ट्रेडिंग पर लगने वाले प्रतिभूति लेनदेन कर (STT) को 0.625% से बढ़ाकर 0.1% कर दिया है वहीं प्रतिभूति में फ्युचर के बिक्री पर लगने वाले प्रतिभूति लेनदेन कर (STT) को 0.0125% से बढ़ाकर 0.02% कर दिया है। निश्चित ही सरकार को इससे आय में बढ़ोत्तरी होगी।

व्यक्तिगत करदाता को राहत

सरकार का लक्ष्य है कि सभी करदाता को नए कर रीजीम में लाया जाए। अतः पिछले दो वर्षों से कोई भी लाभ सिर्फ और सिर्फ वैसे करदाता को दी जा रही है जो अपना कर विवरणी नए कर रिजिम में प्रस्तुत करता है। आयकर विभाग के वेबसाइट पर दिए गए सूचना के अनुसार निर्धारण वर्ष 2024–25 में अभी तक 75% करदाताओ ने अपना विवरणी नए कर रिजिम (NTR) में दाखिल किया है।

बजट में वित्तमंत्री ने वैसे करदाता जो अपना कर विवरणी प्रस्तुत करने के लिए नए कर रिजिम का चुनाव करते हैं उन्हें मानक कटौति (standard deduction) में छुट की सीमा को रु. 50,000 से बढ़ाकर रु.75,000 कर दिया गया है। वेतनभोगी करदाता को इसमें कुछ लाभ मिल जाएगा।

आयकर सलैब में बदलाव

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए फिर से नए कर रिजिम (NTR) में अपना कर विवरणी प्रस्तुत करने वाले करदाता के लिए आयकर का नया स्लैब का प्रस्ताव दिया है जो निम्नावत है :

आय (रु. में)	कर स्लैब
रु. 0–रु.3,00,000 तक	0%
रु. 3,00,001–रु.7,00,000 तक	5%
रु. 7,00,001–रु.10,00,000 तक	10%
रु. 10,00,001–रु.12,00,000 तक	15%
रु. 12,00,001–रु.15,00,000 तक	20%
रु.15,00,000 से ऊपर का आय	30%

अगर वर्तमान और प्रस्तावित कर स्लैब का विश्लेषण करें तो हम पाते हैं कि पिछले वित्त वर्ष में 5% कर के दायरे में 3 लाख से 6 लाख तक का ही आय था जो इस बार बढ़ाकर 7 लाख कर दिया गया है। इस प्रकार एक लाख पर जो अब तक 10% कर लगता था अब 5% ही लगेगा।

इसी प्रकार अब तक 10% के कर दायरे में 6 लाख से 9 लाख तक की आय था इसे बढ़ाकर 7 से 10 लाख कर दिया गया है। यहाँ भी करदाताओं को एक लाख की आय पर 15% की जगह 10% ही कर देना पड़ेगा। इस प्रकार वैसे करदाताओं को, जो कि अपना कर विवरणी करके नए रिजिम में प्रस्तुत करना चाहते हैं, उन्हें लाभ दिया गया है।

नेशनल पेंशन प्रणाली (NPS) के अंतर्गत कटौती में वृद्धि

सरकारी कर्मचारियों को वर्तमान में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) में उनके योगदान पर 14% की कटौती मिलती हैं। इस बजट में हुए परिवर्तनों में नए कर रिजिम (NTR) को चुनने वाले निजी क्षेत्र में काम कर रहे कर्मचारियों के लिए एनपीएस में नियोजित योगदान की स्थिति 10% से बढ़ाकर 14% कर दी गई है।

पारिवारिक पेंशन के कटौती में वृद्धि

फैमिली पेंशन के मामले में थोड़ा राहत देते हुए सरकार ने इस

बजट में कटौती की सीमा को रु.15,000 से बढ़ाकर रु.25,000 कर दिया गया है।

टीडीएस और टीसीएस को तर्कसंगत बनाना

वेतन के अलावा अन्य आय के स्रोतों पर एकत्रित कर (TCS) और स्रोतों पर लगाए गए कर (TDS) को अब वेतन से प्राप्त आय पर कर कटौती के लिए योग्य माना जाएगा। इस परिवर्तन का उद्देश्य करदाता कर्मचारी के लिए नकदी प्रवाह की चुनौतियों को कम करना है, जिससे उन्हें विदेशी प्रेषण और वाहन खरीद जैसे स्रोतों से टीसीएस का दावा करने के साथ-साथ ब्याज और लाभांश से आय पर टीडीएस का दावा करने की अनुमति मिलती है। सरकार ने कुछ विशेष व्यक्तिगत करदाताओं और हिन्दू अविभाजित परिवार के लिए निवासी मकान मालिक को प्रति माह 50,000 रुपये से अधिक किराए के भुगतान पर कर कटौती की दर (TDS) को 5% से घटाकर 2% कर दिया है। इस परिवर्तन का उद्देश्य करदाताओं के बीच अनुपालन को बढ़ाना और अपनी संपत्ति किराए पर देने वालों के लिए शुद्ध किराये की आय को बढ़ावा देना है।

शेयर बायबैक की राशि पर कर लगाना

कंपनी द्वारा शेयर के बायबैक के मामले में सरकार ने थोड़ा बदलाव किया है। इस मामले में बजट 2024 के प्रस्तावों के अनुसार, बायबैक शेयरधारकों के लिए लागू कर को 'अन्य स्रोतों से आय'(income from other sourses) की श्रेणी के तहत कर योग्य होगा। शेयरधारक इस लाभांश आय में से इससे संबंधित अगर कोई व्यय हुआ हो तो उसकी कटौती नहीं कर पाएंगे। शेयरधारकों द्वारा किए गए अधिग्रहण की लागत को पूंजीगत हानि के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा जिसे भविष्य में प्रासंगिक पूंजीगत लाभ के विरुद्ध आगे बढ़ाया या समायोजन किया जा सकता है।

इस प्रक्रिया से बायबैक निष्पादित करने वाली कंपनियों को होने वाले लाभ पर घरेलू संस्थाओं और अनिवासी भारतीयों पर लागू 10% की दर से कर की कटौती करना आवश्यक है। ये परिवर्तन 1 अक्टूबर 2024 को या उसके बाद किए गए किसी भी बायबैक के लिए प्रभावी होंगे। इस प्रक्रिया के कारण कंपनियों को अपने पास मौजूद किसी भी अतिरिक्त नकदी को वितरित करने के लिए एक छोटी व्यवस्था बन जाएगी।

एंजेल कर का उन्मूलन

एंजल टैक्स आयकर अधिनियम की धारा 56(2)(viib) के तहत भारतीय स्टार्टअप पर लगाया जाने वाला कर है, जिसे स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 से समाप्त कर दिया गया है। इसे 2013 में लगाया गया था। इस कर का उन्मूलन कर दिया जाएगा यह अनुमान भी नही लगाया जा सकता था। अब एंजेल निवेशक को कर देने की आवश्यकता नही है जिसके कारण स्टार्ट अप में निवेश की संभावना प्रबल होगी। यह बिलकुल आशा के विपरीत था क्योंकि इतने वर्षों में उद्योग जगत ने इसे अंगीकार कर लिया था तथा सरकार ने भी इसे संसोधन की श्रेणी में रखा था। फिर भी वित्त मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि इस कर की आवश्यकता नही है। इसके कारण निवेश में अवरोध देखी गई है विशेषतः स्टार्ट अप उद्योग के विकास में यह गति देगी।

सोना (Gold) पर सीमा शुल्क कम करना

बजट में व्यापार प्रक्रियाओं को सरल बनाने और विवादों को कम करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सोने और चांदी पर सीमा शुल्क 15% से घटाकर 6% कर दिया गया है। प्लैटिनम पर शुल्क 6.4% निर्धारित किया गया है। सोने पर सीमा शुल्क कम होने से भारतीय वायदा बाज़ार में सोने की कीमत में लगभग 3000 रु की गिरावट दर्ज की गई। सोने पर सीमा शुल्क में कटौती से घरेलू सोने की कीमत कुछ समय के लिए 77,000 प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे आ गया था। ग्राहकों और निवेशकों की तेज ख़रीदारी के कारण इसमें मजबूती आई और जल्द ही यह फिर से 80,000 के पार चला गया है। हालांकि आयात शुल्क में 9 प्रतिशत की कटौती से भविष्य में सोने के आयात में उछाल देखने को मिल सकता है।

इस संदर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि सोने के दाम में तेज वृद्धि के कारण भारतीय रिजर्व बैंक डिजिटल गोल्ड बॉन्ड (sovereign gold bond) पर भी फिलहाल रोक लगा दिया है।

विवाद से विश्वास योजना

आयकर विभाग में लंबित मामलों की विशाल संख्या को देखते हुए 2020 में भारत सरकार ने विवाद से विश्वास योजना की

शुरुआत की थी। इससे करदाताओं को स्पष्टता और समय की बचत हुई और योजना सफल हुई है। असंख्य मामलों का निपटारा हो चुका है। लेकिन इसके उलट अपील में मामलों की संख्या बढ़ती गई। इस योजना की सफलता और आयकर विभाग में लंबित अपीलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस बजट में एक नई प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास योजना 2024 प्रस्तावित की गई है। यह योजना सरकार द्वारा घोषित की जाने वाली नई तिथि से प्रभावी होगी। करदाताओं को आशा करना होगा कि नई योजनाएँ उनके विवाद को समाप्त करने में महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी।

विदेशी कंपनियों के लिए कर की दर में कमी और समतुल्यकरण शुल्क का विलोपन:

बजट 2024 में सरकार ने कॉर्पोरेट कर में कमी की है। विदेशी कंपनियों के लिए कॉर्पोरेट कर की दर को वर्तमान नियमों के तहत 40% से घटाकर 35% कर दिया गया है। वर्तमान समय में गैर–निवासी (NRI) ई–कॉमर्स ऑपरेटर को ई–कॉमर्स आपूर्ति या सेवाओं पर 2% की दर से समतुल्यकरण शुल्क देना होता हैं। अस्पष्टता और अनुपालन बोझ को कम करने के उद्देश्य से 2% का समतुल्यकरण कर को समाप्त करने का प्रस्ताव इस बजट में दिया गया है। यह 1 अगस्त 2024 से प्रभावी होगा। हालांकि ऑनलाइन विज्ञापन पर 6% समतुल्यकरण शुल्क लागू रहेगा।

कुल मिलाकर हम कह सकते है कि बजट 2024 में अर्थवस्था को गति देने तथा सरकार के आय को बढ़ावा देने को प्रमुख लक्ष्य रखा गया है। कॉर्पोरेट जगत को 5% का छूट देकर आकर्षित करने का उद्देश्य है वही मध्यम वर्ग के करदाता को थोड़ी राहत देकर मुख्य मतदाता वर्ग को लुभाने का प्रयास है।

*****

"In economics, hope and faith coexist with great scientific pretension and also a deep desire for respectability."

John Kenneth Galbraith

Wisdom capsule

The Bamboo and the Oak Tree

Once upon a time, in a dense forest, there lived a tall and mighty oak tree. It was proud of its strength and stature, towering over all the other trees around it. Nearby, there also grew a slender and humble bamboo. The oak tree often mocked the bamboo for being thin and weak, swaying easily with every gust of wind.

“Look at you," the oak would say. "You're so frail and weak. You bend and sway with the slightest breeze, while I stand tall and firm, unshaken by the strongest of storms.”

The bamboo would listen quietly and respond with humility, "Yes, I may bend, but I do not break. I have learned to go with the flow of the wind and yield to its force.”

One day, a powerful storm swept through the forest. The winds howled and the rain poured down relentlessly. The mighty oak stood tall, resisting the force of the storm with all its might. The bamboo, as always, bent low, almost touching the ground, yielding to the force of the wind.

As the storm grew stronger, the oak tree could no longer withstand the relentless force. With a loud crack, its roots were torn from the ground, and the great oak came crashing down. When the storm finally passed, the forest was in ruins. Trees had fallen, branches were scattered, and the mighty oak lay on the ground, broken and defeated.

The bamboo, however, stood tall once again, unharmed by the storm. It had bent, but it had not broken. The other trees in the forest marvelled at the bamboo's resilience.
The bamboo, noticing the fallen oak, said gently, "It is not always the strongest who survive, but those who are adaptable and flexible. By yielding to the forces of nature, I was able to withstand the storm."

Moral: Flexibility and adaptability are more powerful than rigid strength. By yielding in difficult times, one can survive and even thrive.

केनरा बैंक Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Government of India Undertaking)
ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ सिंडिकेट Syndicate

देश को फिर से सोने की चिड़ियां बनाना है

मोनालिसा पंवार
ग्राहक सेवा सहयोगी
जोधपुर पाल रोड, एलआईसी सीए

दूर तक फैले इन मैदानों में
जब हरी चूनर लहराती हैं ।
मत पूछो दिल को
कितना सुकुन दे जाती है ॥

कितना पसीना बहता है
किसान जब ख़ुद हल बनता है ।
रक्त का कतरा कतरा सींचता है
जब जाकर खेतों में धान उगता है ॥

बादलों की राह देखकर कभी उम्र गुजर जाती है
कभी बाढ़ में भूमि बह जाती है ।
केवल भूमि नहीं, एक किसान के जीवन का सार है
किस तरह बचाएं ख़ुद को रहती यहीं पुकार है ॥

कई बार कर्ज़ की बेड़ियों में जीवन की हार है
और कहीं साहूकारों का कठोर अत्याचार है ॥

फिर भी किसान कहां डगमगाता है
अपने कर्त्तव्य पथ पर निरंतर बढ़ता जाता है ।
हर वर्ष की भांति नई आस है
अपनी धानी चूनर की प्यास में ॥

हरियाली भरे खेत हो या धान की फलियां
सबकी अपनी अहमियत है ।
बन जाएं उनका सहारा, जिन्हें हमारी जरूरत है
बैंकों में है सुविधाएं अनेक
रूबरू किसान भाईयों को करवाना है ॥

ना पड़े साहूकारों के चक्कर में
उन्हें यह पाठ पढ़ाना है ।
बैंकों का थाम कर हाथ उन्हें आगे बढ़ाना है
हमारे देश को फिर से सोने की चिड़ियां बनाना है ॥

केसरिया ध्वज

अस्मिता द्विवेदी
अधिकारी
खेवमंडी शाखा जबलपुर

केसरिया ये ध्वज हमारा, सदा अंबर पर लहराए ।
खेतों की फसलों में महके, पेड़ों की डाली पर चहके ॥
बनकर एक चमकीला तारा, आसमान में टिमटिमाए ।
केसरिया ये ध्वज हमारा, सदा अंबर पर लहराए ॥

यहां हिमालय पर्वत शिखर, यहां बहती पावन गंगा है ।
यहां काले गोरे का भेद नहीं, हर वर्ण एक माला का मनका है ॥
एक धागे से बंधे हुए हम, आपस में भाई कहलाएं ।
केसरिया ये ध्वज हमारा, सदा अंबर पर लहराए ॥

यहां सीमा पर जवान खड़े हैं, यहां खेतों में किसान डटे हैं ।
धरती आज भी उगले सोना, यहां खनिजों के भंडार भरे हैं ॥
ऐसी स्वर्णिम भूमि हमारी, हम औरों से क्यों घबराएं ।
केसरिया ये ध्वज हमारा, सदा अंबर पर लहराए ॥

गीता और कुरान यहीं हैं, हिंदु और मुसलमान यहीं हैं ।
जाति धर्म में बटें हैं फिर भी एकता का ज्ञान यहीं हैं ॥
आपस में मिलकर हम सब एक ही गीत गुनगुनाएं ।
केसरिया ये ध्वज हमारा, सदा अंबर पर लहराए ॥

ऐसी पावन भूमि पर जन्म कुछ सद्कर्मों के बाद मिले ।
सौभाग्य हमारा है कोटि कोटि, जो हम भारत के लाल हुए ॥
है गर्व हमें, हम भारतवंशी, मातृभूमि पर शीश नवाएं ।
केसरिया ये ध्वज हमारा, सदा अंबर पर लहराए ॥

ESG Awards

"We are Honoured and delighted to announce that our Bank has been recognised for "Excellent practices and adoption of ESG initiative" in the "2nd ICC Emerging Asia Banking Conclave 2024", organised by the Indian Chamber of Commerce (ICC) on August 23rd in New Delhi. The prestigious award was received by Shri Uday Sankar Majumder, Chief General Manager, Risk Management Wing, Head Office.

मंजिल

अमित कुमार
अधिकारी
डुमरांव शाखा

ऐसी क्या कमी रह गई कोशिश में,
की तू मंजिल को पा ना सका!
कैसी लड़ाई थी तेरी जो,
थोड़ी और हिम्मत तू जुटा ना सका!
कोशिश की होती थोड़ी और सही,
तो हार देखने को ना मिलता कभी!!

क्या कमी रह गई तेरे सपनों के उड़ान में,
कि तू खुद से नज़रे मिला ना सका!
बीत गई जो बीती बातें,
उनको भूलकर निकल जा आगे!
उठकर फिर से लग जा एक नए प्रयास में,
मंजिल को फिर से पाने की आस में!!

कमियों को दूर कर,
गलतियों में सुधार कर,
हार को भूलकर,
फिर से नया प्रयास कर!
मंजिल भले ही दूर हो, पर
प्रयास करना अपना दस्तूर हो!

अपनी लड़ाई खुद से है,
दूसरो का ना दोष है!
असफलता से मत घबराना,
कठिन डगर पर चलते जाना,
मंजिल एक दिन जरूर मिलेगी ,
सारी दुनियां जय – जयकार करेगी!!

Answers to the Agriculture Crossword on page 50

	1 B											2 C						3 S		4 F		
	A									5 A	G	R	I	6 C	U	L	T	U	R	E		
	N											E		O				B		R		7 H
	K											D		O				S		T		O
8 F	I	N	A	N	C	E						I		9 P	E	S	T	I	C	I	D	E
	N						10 M					T		E				D		L		
11 A	G	R	I	B	U	S	I	N	E	S	S			R				Y		I		
G							C							A						Z		
R							R							T					12 S	E	E	D
O					13 C	R	O	P	R	O	T	A	T	I	I	N			O	R		
14 C	O	W					F							V					I			
H							I			15 H	A	R	V	E	S	T			L			
E		16 F	A	R	17 M	I	N	G														
M					O		18 A	G	R	O	N	O	M	Y								
I		19 W			N		N															
C		A			S		C			20 C	O	M	M	O	D	21 I	T	Y				
22 A	G	R	O	F	O	R	E	S	T	R	Y					N						
O		E			O				23 S	O	W	I	N	G		S						
S		H			N					P						U						
		O														R						
		U		24 M												A						
25 S	U	S	T	A	I	N	A	B	I	26 L	I	T	27 Y			T						
O		I		R						O			I			C						
I		N		K						A			E			E						
L		G		E			28 L	O	A	N			L									
H				T						W			D									
E				P						A												
A				R						I												
L				I				29 L	I	V	E	S	T	O	C	K						
T				C						E												
H				E				30 I	R	R	I	G	A	T	I	O	N					

केनरा बैंक Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Government of India Undertaking)
ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ सिंडिकेट Syndicate

गोवा की महान रसोइया : रेशमा की कहानी

प्रिया पंवार
अधिकारी
प्रतापपुर शाखा, मेरठ

प्राचीन काल में गोवा के एक छोटे से गाँव में रेशमा नाम की एक लड़की रहती थी। रेशमा के हाथों में जादू था। वह जो भी पकाती, वह इतना स्वादिष्ट होता कि खाने वाले उसे कभी नहीं भूल पाते। लेकिन अफसोस की बात थी कि उसके गाँव और परिवार में किसी ने भी उसकी इस प्रतिभा को कभी नहीं पहचाना।

रेशमा का परिवार उसे हमेशा साधारण घर के कामों में उलझाए रखता। वे उसे सिर्फ एक साधारण लड़की समझते थे और मानते थे कि उसका कर्तव्य बस घर संभालने तक ही सीमित है। लेकिन रेशमा का दिल खाना पकाने में रमता था। वह गोवा के पारंपरिक व्यंजनों में नए–नए प्रयोग करती, उन्हें और भी स्वादिष्ट बनाने की कोशिश करती।

वह रोज़ाना अपनी माँ से गोवा के पारंपरिक व्यंजन बनाना सीखती थी, जैसे फिश करी राइस, जिसमें ताज़ी मछली, नारियल का दूध और खास गोवन मसालों का उपयोग होता था। पोई, गोवा की पारंपरिक ब्रेड, जिसे वह अपने हाथों से गूंथकर बनाती और उसके साथ सरपोटेल, जो कि सूअर के मांस से बनने वाला एक मसालेदार व्यंजन था, उसे बड़े चाव से बनाती। रेशमा को खाना पकाने में बहुत खुशी मिलती थी, लेकिन उसकी इस कला को उसके परिवार और गाँव वाले कभी नहीं समझ सकें। वे उसे कभी आगे बढ़ने का मौका नहीं देते थे।

एक दिन, गोवा में एक प्रसिद्ध व्यापारी का काफिला उनके गाँव से गुजरा। वे व्यापारी गोवा के खास मसालों और व्यंजनों का व्यापार करते थे। रास्ते में उन्हें भूख लगी, और उन्होंने गाँव के लोगों से खाने की मांग की। गाँव वालों ने रेशमा से खाना बनाने को कहा। रेशमा ने अपने खास व्यंजन चिकन कैफ्रील और पॉम्फेट रेज़ाडो बनाए। साथ ही, उसने गोवा पोर्क विडालू और चिकन ज़ाकुती भी परोसे।

पॉम्फ्रेट रेज़ाडो : जिसमें मछली को हल्दी, लाल मिर्च और खट्टे मसालों में मेरिनेट करके तवे पर हल्के तेल में पकाया जाता था, यह रेशमा की खासियत थी। वह गोवा की प्रसिद्ध मिठाई बिबिंका भी बनाती थी, जिसमें नारियल का दूध, अंडे और चीनी का मेल होता है और जिसे परत–दर–परत तवे पर पकाया जाता था।

गोवा पोर्क विंडालू : इस डिश में सूअर का मांस, प्याज, मिर्च, लहसुन के साथ सिरका और दूसरे मसाले होते हैं। मिर्च और दूसरी सामग्री का इस्तेमाल करके मसाला तैयार किया जाता है और फिर इसे मांस और सिरके के साथ मिलाया जाता है।

चिकन कैफ़्रील : कैफरियल चिकन एक मसालेदार हरे रंग का व्यंजन है जो आपके मुंह में पानी ला देगा। हरी मिर्च, जड़ी–बूटियाँ और विभिन्न मसालों को एक साथ पीसकर चिकन के लिए मसाला बनाया जाता है। फिर चिकन को इस मसाले के साथ मिलाकर तला जाता है।

चिकन ज़ाकुटी : चिकन ज़ाकुटी में खसखस और कश्मीरी लाल मिर्च होती है। यह एक और पुर्तगाली प्रभाव वाला प्रसिद्ध गोवा का भोजन है। कश्मीरी मिर्च का विशेष रूप से उपयोग किया जाता है क्योंकि वे तीव्र तीखा स्वाद देते हैं और पकवान को रंग भी देते हैं। यह सबसे लोकप्रिय गोवा के भोजन में से एक है।

जब उन व्यापारियों ने रेशमा का बनाया खाना चखा, तो वे उसके स्वाद से मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने रेशमा से पूछा कि उसने ये व्यंजन कहाँ से सीखे और क्या वह उनके साथ यात्रा करके अन्य जगहों पर भी खाना बना सकती है। यह सुनकर रेशमा के परिवार वाले हैरान रह गए, लेकिन रेशमा ने यह अवसर हाथ से नहीं जाने दिया।

रेशमा उन व्यापारियों के साथ चली गई और धीरे–धीरे उसकी ख्याति दूर–दूर तक फैलने लगी। उसने गोवा के पारंपरिक व्यंजनों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। उसकी बनाई हुई सोरपोतेल, एक्सेल मछली करी, चिकन ज़ाकुति और काकन करी ने पूरे विश्व में नाम कमाया।

रेशमा ने अपने व्यंजनों को नए अंदाज में पेश किया और उनके स्वाद को और निखारा। उसके बनाए व्यंजन इतने लोकप्रिय हो गए कि लोग दूर–दूर से उसे बुलाने लगे। उसकी प्रतिभा ने उसे एक सामान्य गाँव की लड़की से एक विश्व प्रसिद्ध शेफ बना दिया।

इतनी सफलता के बाद भी रेशमा अपने गाँव और परिवार को नहीं भूली। उसने अपने गाँव में एक बड़ी रसोई बनाई, जहाँ गाँव की औरतों को खाना बनाना सिखाया और उन्हें आत्मनिर्भर बनाया। उसके गाँव के लोग, जो कभी उसकी प्रतिभा को नहीं समझ सके थे, अब उसकी सफलता पर गर्व करते थे।

रेशमा की कहानी इस बात का प्रमाण है कि सच्ची प्रतिभा को कोई भी दबा नहीं सकता। उसके व्यंजन आज भी गोवा की रसोई का अहम हिस्सा हैं और उसका नाम हमेशा के लिए गोवा की संस्कृति में अमर हो गया।

*****

स्वच्छ है, शीतल है गोवा

नितिन गुप्ता
अधिकारी
वास्को–डा–गामा

सबके दिलों की जान है गोवा
हर दिल का अरमान है गोवा
परशुराम की मिट्टी गोवा
मौज मस्ती की धरती गोवा

पुर्तगालियों ने इसपे राज किया
सन इकसठ में इसे आज़ाद किया
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
सब धर्मो का भाईचारा है गोवा

अबीर के रंगो में है गोवा,
अज़ानों की आवाज़ में है गोवा
संत जेवियर की माँ है गोवा,
शांतादुर्गा का आशीष है गोवा

शांत सागर की लहरों में गोवा
रात के बाज़ारों की रौनक है गोवा
काजू की भीनी खुशबु यहाँ,
तो हापुस की मिठास भी है गोवा

मिल जुल के सब साओ जाओ मनाते है,
तो दिवाली ईद पे भी सबके घर जाते हैं,
नरकासुर की झांकी भी है यहाँ
तो रंग बिरंगा कार्निवल है गोवा

कल कल बहते झरने यहाँ,
तो खारे पानी का सागर है गोवा
सबका प्यारा गोवा हमारा
स्वच्छ है, शीतल है गोवा

Painting by:
Master Vihaan
S/o Priyadarshini R.
Senior Manager
HML section

Sketch by:
Megha Benedicta Minz
Officer,
Specialized Govt Business Branch,
Lucknow

Maintaining Gut Health

Dos and Don'ts

Gut health plays a crucial role in overall well-being, affecting everything from digestion to mood. The gut is home to trillions of bacteria, viruses, and fungi, collectively known as the gut microbiome. A balanced microbiome supports digestion, nutrient absorption, immune function, and even mental health. Here's a guide on what to do and what to avoid to maintain a healthy gut.

Dos

1. **Eat a Diverse Range of Foods :** A varied diet encourages the growth of different types of gut bacteria, each of which benefits your health in different ways. Incorporate a variety of fruits, vegetables, whole grains, and lean proteins into your meals.
2. **Consume Probiotic-Rich and Fermented Foods :** Probiotics are live bacteria that are beneficial to your gut. Foods like Curd, Idli, Dosa, Paneer, whole wheat bread are rich in probiotics. They help maintain a healthy balance of gut bacteria.
3. **Include Prebiotics in Your Diet :** Prebiotics are non-digestible fibres that feed the good bacteria in your gut. Foods like garlic, onions, bananas, lentils, flaxseeds and oats are excellent sources of prebiotics.
4. **Stay Hydrated :** Drinking plenty of water is essential for maintaining a healthy gut. Water helps to cleanse the gut, supports digestion, and promotes a balanced environment for gut bacteria.
5. **Exercise Regularly :** Physical activity can increase the diversity of your gut microbiome. Aim for at least 30 minutes of moderate exercise most days of the week, whether it's walking, cycling, or yoga.
6. **Get Enough Sleep :** Quality sleep is vital for overall health, including gut health. Poor sleep can negatively impact your gut microbiome. Aim for 7-9 hours of uninterrupted sleep each night.
7. **Manage Stress :** Chronic stress can harm your gut bacteria, potentially leading to digestive problems. Practice stress management techniques such as meditation, deep breathing, or mindfulness to keep your gut in balance.

Don'ts

1. **Avoid Excessive Sugar and Artificial Sweeteners :** High sugar intake and artificial sweeteners can disrupt the balance of gut bacteria, leading to a decrease in beneficial bacteria and an increase in harmful ones. This imbalance can contribute to digestive issues and inflammation.
2. **Limit Processed Foods :** Processed foods are often high in unhealthy fats, sugars, and artificial additives, which can negatively affect gut health. These foods may decrease gut bacteria diversity and increase the risk of digestive problems.
3. **Don't Overuse Antibiotics :** While antibiotics are necessary for treating bacterial infections, they can also kill beneficial bacteria in your gut. Only use antibiotics when prescribed by a healthcare provider, and take them exactly as directed.
4. **Avoid Excessive Alcohol Consumption :** Excessive alcohol can disrupt the gut microbiome, leading to a decrease in beneficial bacteria and an increase in harmful ones. It can also damage the gut lining, leading to a condition known as leaky gut.
5. **Don't Ignore Food Intolerances :** Consuming foods that your body doesn't tolerate well can lead to inflammation and other gut issues. Common intolerances include lactose, gluten, and certain food additives. Pay attention to how your body reacts to different foods and avoid those that cause discomfort.
6. **Don't Skip Meals :** Irregular eating patterns can disrupt the balance of your gut bacteria and lead to digestive issues. Try to eat regular, balanced meals to keep your gut functioning smoothly.
7. **Avoid Smoking :** Smoking has been linked to significant changes in gut bacteria, reducing the diversity and promoting the growth of harmful bacteria. Quitting smoking can improve your gut health and overall well-being.

Conclusion : Maintaining gut health is about balance and consistency. By following these dos and don'ts, you can support a healthy gut microbiome, which in turn will contribute to your overall health. Remember, changes in diet and lifestyle can take time to show results, so be patient and consistent with your efforts.

"Fish Ambotik"
(Goan Fish Curry)

– Recipe by HML Team

Fish Ambotik is a quintessential Goan dish showcasing the states love for bold flavours and fresh sea food. This spicy and sour curry is a staple in every Goan household. It is influenced by Portugeese and Indian traditions.

Nutritional benefits: Fish is rich in protein and Omega 3 fatty acids like (EPA and DHA) which is said to aid heart, eye and cognitive health. It is a rich source of vitamins (Vit D,B12 and B6) and minerals like Selenium and Zinc. It is low in calories and high in protein which supports in weight loss. Spices like turmeric, cumin, garlic are revered for their medicinal properties. They are rich in anti oxidants and have anti-cancer properties. Coconut milk is rich in healthy fats, protein and fibre.

Vegetarians can replace fish with vegetables like brinjal, potatoes, cauliflower etc.

INGREDIENTS:

For the curry paste : *

- 1 cup grated coconut
- 2-3 dried red chilies
- 2 cloves garlic
- 1 small onion
- 1 teaspoon coriander seeds
- 1 teaspoon cumin seeds
- ½ teaspoon turmeric powder
- ½ teaspoon red chili powder
- Salt, to taste
- 2 tablespoons Sour tamarind paste or kokum (alternatively 2 tablespoons vinegar)
- 2 tablespoons water

For the curry :

- 500g fish (pomfret, kingfish, or mackerel), cut into medium-sized pieces
- 2 medium-sized onions, chopped
- 2 medium-sized tomatoes, chopped
- 2-3 green chilies
- 2 tablespoons coconut oil
- Curry paste *
- 1 cup coconut milk
- Fresh coriander, for garnish

INSTRUCTIONS:

1. Soak dried red chilies in water for 30 minutes. Drain and grind with remaining curry paste ingredients.
2. Heat oil in a pan and sauté onions until golden.
3. Add tomatoes and green chilies. Cook until tomatoes soften.
4. Add fish pieces and cook for 2-3 minutes.
5. Add curry paste, coconut milk, and salt. Mix well.
6. Simmer for 10-15 minutes or until fish is cooked.
7. Garnish with coriander and serve with rice or roti.

VARIATIONS:

- Use different types of fish or seafood like shrimps.
- Add potatoes or vegetables for added flavour.

Experience the authentic taste of Goa with Fish Ambotik. This flavourful dish is sure to tantalize your taste buds and leave you craving for more.

*****

केनरा बैंक Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Government of India Undertaking)
ಕೆನರಾ ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ Syndicate

Shreyas, in homage to Canbank's departed souls, pray that they rest in bliss, in eternal peace.

Death, said Milton, is the golden key that opens the palace of eternity.

Name	Staff No	Designation	Branch	Expired on
NAVEEN KUMAR	839689	PROB OFFICER	AMBALA CONTONMENT MAIN	31-05-2024
BOTTA PYDIKONDA	80716	HK CUM OFF ASST	VISAKHAPATNAM NATHAYAPALEM	02-06-2024
H.S. LALHRINPUIA	794567	HK CUM OFF ASST	LUNGLEI	02-06-2024
SUTHANTHIRA SELVAN R	73292	CSA	VELLITHIRUPPUR	10-06-2024
RATILAL M VAGHELA	480792	OFFICE ASSISTANT	KUDASAN (STN HQ ARMY CANTT)	23-06-2024
ABHIJIT BALA	602129	CSA	KANKURIA	26-06-2024
SATISH ATMARAM BANE	70020	CSA	MUMBAI JOGESHWARI	03-07-2024
RAM PRAKASH	68800	HK CUM OFF ASST	NIDHAULI KALAN	05-07-2024
V D SHANMUKHAN	73376	SR OFFICE ASST	KALPETTA LBO	08-07-2024
RAJ KUMAR	63172	CSA	BARAPIND N R I	09-07-2024
I TIRUPATAMMA	476142	OFFICE ASSISTANT	VIJAYAWADA CUR CHEST	15-07-2024
G. SIVALINGAM	66287	CSA	THEERTHAMALAI	20-07-2024
UMESH KUMAR BEHERA	564650	MANAGER	KANAKAPURA	29-07-2024
A. BALAGANESAN	72762	SR OFFICE ASST	CHINNAKALAYAMPUTHUR	06-08-2024
VADATHYA MOHAN	102529	OFFICER	DHARMAVARAM	08-08-2024
RATHISHA	85880	HK CUM OFF ASST	NITK CAMPUS BRANCH SURATKAL	14-08-2024
H. DWARAKANATH	449445	CSA	SHIMOGA GANDHI BAZAR MAIN	25-08-2024

The Secret History of the Sackler Dynasty: Empire of Pain

— Patrick Radden Keefe



MRP: ₹149 | Pages: 247
Language: English | Genre: Self Help

"The Secret History of the Sackler Dynasty: Empire of Pain" by Patrick Radden Keefe is a vastly researched book that delves into the rise and fall of the Sackler Family, an American family who owned the pharmaceutical company Purdue Pharma, known for developing the highly addictive drug OxyContin. The book narrates the journey of a family whose history is covered in controversy, mainly due to their role in igniting and fuelling the opioid crisis in America.

The author begins the book by recounting the early years of the Sackler dynasty, mainly briefing about Arthur Sackler, a brilliant person in terms of intellect but morally questionable figure. It also covers the family's business dealings and sheds light into their philanthropic efforts, which allowed them to brand themselves as positive public figures and shield them from public scrutiny.

What makes the book a compelling read is the way the author brings into light the multifarious layers of corporate mis-dealings, how corporates cover their malfeasance through misleading marketing practices that ultimately allowed Purdue Pharma to avoid accountability for years. It even explains the personal stories of the people who were affected by the crisis, giving a raw, painful human dimension to the tragedy.

Keefe's writing is investigative and immensely rich with detail, giving the reader a clear picture of greed, power, and the devastating impact of corporate irresponsibility. The book is true crime but gives the reader a feel of reading a fiction crime novel. As "The Times" had noted, 'You feel almost guilty for enjoying it so much.'

Ultimately, Empire of Pain is not just a story about a powerful family. It is a broader indictment of corporate greed, grandeur, and manipulation. It is must-read and truly engaging one for anyone interested in understanding the opioid epidemic.

By HM&L Section

दिनांक 17.09.2024 को प्रधान कार्यालय के प्रांगण में आयोजित हिन्दी पखवाड़े के उद्घाटन में हिन्दी नारे का विमोचन करते हुए प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के सत्यनारायण राजु, कार्यपालक निदेशक श्री देबाशीष मुखर्जी, श्री हरदीप सिंह अहलूवालिया और श्री भवेंद्र कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री नबीन कुमार दास और महाप्रबंधक श्री टी के वेणुगोपाल।

MD & CEO Sri. K Satyanarayana Raju, along with EDs Sri Debashish Mukherjee, Sri, Hardeep Singh Ahluwalia, and Sri. Bhavendra Kumar, CVO Sri. Nabin Kumar Dash, and GM Sri. T K Venugopal, releasing Hindi Slogans at the Hindi Fortnight Inauguration ceremony held at HO Bengaluru on 17.09.2024.

प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के सत्यनारायण राजु दिनांक 29.08.2024 को चेन्नई अंचल कार्यालय का दौरा करते हुए। चित्र में उप महाप्रबंधक श्री वाई शंकर एवं अन्य अधिकारी भी दिखाई दे रहे हैं।

MD & CEO Sri. K Satyanarayana Raju on his visit to Chennai CO on 29.08.2024. DGM Sri. Y Shankar, and other executives are also seen in the picture.

केनरा बैंक
Canara Bank
A Government of India Undertaking

Together We Can

FULFILLING THE ASPIRATIONS of YOUNG INDIA

PRESENTING

Canara Aspire

You Aspire,
We Empower

AN EXCLUSIVE SAVINGS ACCOUNT FOR YOUTH - 18 to 28 years

For the first time in Indian Banking industry

FREE* Certificate Courses from **coursera**

Avail Education Loan

Enjoy 0.50% additional concession on interest rate

Seamless Upgrade

To Canara Premium Payroll A/c on being employed

and many more...

Debit Card based offers

Airport Lounge | amazon | bookmyshow | gaana | SWIGGY one LITE

Visit your nearest branch for more details.

Scan QR Code to know more

*T&C apply

रजिस्ट्रेशन सं./Registration No. 36699/83

90760 30001 | 1 Bank Number 1800 1030 | www.canarabank.com